देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.11.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने लाल किला कार विस्फोट मामले में पहली बड़ी गिरफ्तारी की। आत्मघाती हमलावर उमर नबी के प्रमुख सहयोगी को दिल्ली से गिरफ्तार किया।
- देहरादून में 28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता–2025 सम्पन्न; छत्तीसगढ़ ने सर्वाधिक पदक जीतकर ओवरऑल चैम्पियनशिप हासिल की, उत्तराखण्ड छठे स्थान पर रहा।
- देहरादून में भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के तीनों कार्यालयों में ऑडिट दिवस–2025 मनाया गया; 29 नवंबर तक चलने वाली ऑडिट जागरूकता गतिविधियों की भी हुई शुरुआत।
- हल्द्वानी में साइबर फ्रॉड के अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़; पुलिस ने चार साइबर ठगों को किया गिरफ्तार।

<u>गिरफ्तारी</u>

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण– एनआईए ने लाल किला कार विस्फोट मामले में दिल्ली से आमिर राशिद अली नाम के कश्मीरी को गिरफ्तार किया है। आमिर राशिद ने आत्मघाती हमलावर उमर नबी के साथ मिलकर इस आतंकी हमले की साजिश रची थी। इसमें 10 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी और लगभग 25 लोग घायल हो गए थे। एनआईए ने कहा कि हमले में शामिल कार आमिर के नाम पर पंजीकृत थी। आतंकवाद–रोधी एजेंसी ने नबी का एक और वाहन भी ज़ब्त किया है। मामले में सबूतों के लिए वाहन की जांच की जा रही है। एनआईए ने अब तक 73 गवाहों से पूछताछ की है, जिनमें विस्फोट में घायल हुए लोग भी शामिल हैं। जांच एजेंसी, दिल्ली पुलिस, जम्मू–कश्मीर पुलिस, हरियाणा पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस और विभिन्न सहयोगी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। एजेंसी ने कहा कि वह बम विस्फोट के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाने और मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के लिए कई सुरागों की तलाश कर रहे हैं।

<u>अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न</u>

देहरादून में 28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता–2025 सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में देशभर से आई 42 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने सर्वाधिक पदक जीतकर ओवरऑल चैम्पियनशिप हासिल की, जबकि केरल दूसरे स्थान पर रहा। उत्तराखण्ड छठे स्थान पर रहा, हालांकि उद्घाटन समारोह की परेड में उत्तराखण्ड प्रथम रहा। महिला बेस्ट एथलेटिक्स का खिताब भी उत्तराखण्ड की ज्योति जोशी ने जीता।

महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि वन अधिकारी कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं, इसलिए फिटनेस और मानसिक

मजबूती बेहद जरूरी है। उन्होंने 'फिट इंडिया मूवमेंट' को मजबूत बनाने में वन अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में वन मंत्री सुबोध उनियाल ने वन कर्मियों को बधाई दी और उत्तराखण्ड के पदक विजेताओं को सम्मानित करने की घोषणा की।

शिष्टाचार भेंट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान श्री धामी ने रक्षा मंत्री से भारतीय वायुसेना की ऑडिट ब्रांच को देहरादून में ही रखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि देहरादून लंबे समय से इस शाखा का संचालन कर रहा है और प्रदेश की सीमाएँ चीन व नेपाल से लगने के कारण इसका सामरिक महत्व भी अधिक है। इसलिए शाखा को यथावत स्थान पर बनाए रखना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री से ग्वालदम–नंदकेसरी–थराली–देवाल–मुन्दोली–वाण मोटर मार्ग के रख–रखाव का कार्य आगे भी उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग से ही कराए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि यह रास्ता, नंदा देवी राजजात यात्रा का प्रमुख मार्ग है और वर्ष 2026 में प्रस्तावित यात्रा के लिए इसकी स्थानीय स्तर पर पीडब्ल्यूडी द्वारा देखभाल जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए पीडब्ल्यूडी इस मार्ग के रख–रखाव के लिए उपयुक्त विभाग है, जिससे यात्रा और स्थानीय आवागमन दोनों को सुविधा मिलेगी।

रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।

वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप

उत्तराखंड के पवन बर्तवाल वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। रुद्रप्रयाग के सठेराखाल निवासी पवन इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उत्तराखंड के एकमात्र खिलाड़ी हैं। यह प्रतियोगिता ग्रेटर नोएडा में 14 से 20 नवंबर तक हो रही है, जिसमें 80 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। पवन बर्तवाल ने 2010 से 2017 तक महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स हॉस्टल देहरादून में प्रशिक्षक ललित कुंवर के निर्देशन में प्रशिक्षण लिया। कई राज्य और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद वे वर्तमान में भारतीय सेना के ए०एस०आई पुणे बॉक्सिंग प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने 2024 और 2025 की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रजत पदक भी हासिल किया। पवन 2024 में कजाकिस्तान और 2025 में थाईलैंड ओपन सहित कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## ऑडिट दिवस

देहरादून में भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के तीनों कार्यालयों में 16 नवंबर को ऑडिट दिवस–2025 मनाया गया। इसी के साथ 29 नवंबर तक चलने वाली ऑडिट जागरूकता गतिविधियों की शुरुआत हुई। इन गतिविधियों का उद्देश्य सुशासन में ऑडिट की भूमिका के प्रति आम लोगों और हितधारकों में जागरूकता बढ़ाना है।

मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित कैग मुख्यालय में उप–राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें उत्तराखण्ड के महालेखाकार मोहम्मद परवेज आलम और संजीव कुमार ने हिस्सा लिया। देहरादून के सभी कार्यालयों के कार्मिकों ने इस कार्यक्रम में ऑनलाइन भाग लिया।

ऑडिट दिवस के तहत देहरादून में चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं, पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण पर संगोष्ठियां, वॉकथॉन, ऑडिट मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विभाग की पहुंच को मजबूत करना और हितग्राहियों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना है।

## अंतर्राज्यीय साइबर फ्रॉड भंडाफोड़

हल्द्वानी में पुलिस ने साइबर फ्रॉड के अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टी.सी. के निर्देशन में तल्लीताल पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए ए.पी.के फाइल भेजकर मोबाइल हैक करने वाले चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। गिरोह के बैंक खातों में तीन करोड़ से अधिक का संदिग्ध लेनदेन सामने आया है।

पुलिस ने 15 नवंबर की रात भेड़ियापखाण मोड़ के पास एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें चार युवक पकड़े गए। उनके पास से 11 मोबाइल फोन, 9 सिम कार्ड, आधार और पैन कार्ड, बैंक कार्ड, चेकबुक समेत विभिन्न दस्तावेज मिले। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे एपीके फाइल भेजकर लोगों के मोबाइल का एक्सेस हासिल करते थे और बैंक लेनदेन की जानकारी चुराते थे।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। गिरोह के नेटवर्क और जुड़े खातों की जांच जारी है।

## थाना दिवस

कुमाऊँ परिक्षेत्र के सभी थानों में शनिवार को थाना दिवस आयोजित किया गया। पुलिस और जनता के बीच सीधे संवाद को मजबूत बनाने तथा जनकेन्द्रित पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं और सुझाव थानों में ही सुने गए।

पुलिस मुख्यालय के अनुसार प्रत्येक थाना क्षेत्र के नागरिकों की शिकायतों का मौके पर समाधान करने का प्रयास किया गया। अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध और संवेदनशील निस्तारण किया जाएगा।

पुलिस महानिरीक्षक, कुमाऊं परिक्षेत्र, रिद्धिम अग्रवाल ने थानों को आमजन के लिए सहज और विश्वास योग्य केंद्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनता से अपील की कि वे नियमित रूप से थाना दिवस में शामिल होकर पुलिस–जन सहयोग को मजबूत करें, जिससे क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखा जा सके।

प्रवेश प्रक्रिया तिथि

कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने बीएड सत्र 2025–27 की प्रवेश प्रक्रिया की तिथियों में संशोधन कर इसकी अवधि बढ़ा दी है। नई सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण अब 18 नवम्बर तक किया जा सकेगा। पंजीकरण में सुधार के लिए 19 नवम्बर की तिथि निर्धारित की गई है, जबकि अंकों के प्रमाणपत्रों की जांच और सत्यापन 20 व 21 नवम्बर को किए जाएंगे।

योग्य अभ्यर्थियों के लिए महाविद्यालय आवंटन 22 से 24 नवम्बर तक होगा और आवंटित महाविद्यालयों में प्रवेश 25 से 29 नवम्बर तक कराया जाएगा। द्वितीय चरण में शेष अभ्यर्थियों का महाविद्यालय आवंटन 30 नवम्बर को होगा, जिसके बाद प्रवेश 1 से 6 दिसम्बर तक होगा। तीसरे चरण में रिक्त सीटों की घोषणा 7 दिसम्बर को की जाएगी और महाविद्यालय स्तर पर परामर्श 8 से 13 दिसम्बर तक चलेगा।

कुलसचिव डॉ. एम.एस. मंद्रवाल ने सभी अभ्यर्थियों से समय–सीमा का पालन करने और पोर्टल पर उपलब्ध दिशा–निर्देशों को ध्यान से पढ़ने की अपील की है।

और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

आज विभिन्न समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्राथमिकता दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा खाद्य वस्तुओं में टैरिफ कम करने की खबर पर नवोदय टाइम्स लिखता है – अमेरिका ने 254 खाद्य वस्तुओं पर टैरिफ कम किया।

हाल ही में दिल्ली में हुए बम धमाके के साजिशकर्ता की गिरफ्तारी की खबर को लगभग सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है – धमाके का साजिशकर्ता धरा। दैनिक जागरण की ख़बर है– सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल, सालभर से तलाश रहा था आत्मघाती हमलावर।

मसूरी में हुए मनाए गए बग्वाल त्यौहार की खबर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है – मसूरी में बग्वाल पर रासो–तांदी की धूम।